दैनिक
प्रातः कालीन
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

KNLS Live
सम्पर्क करे-9027776991
न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999' में
न्यूज़ पेपर डिजाइन कराये कम दम में

वर्ष :- 03 अंक :- 115 मुरादाबाद, 13 August 2023 (Sunday) पृष्ठ :- 12 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

पीएम मोदी का विपक्ष पर वार, बोले- इन लोगों ने मणिपुर की जनता के साथ विश्वासघात किया; TMC को भी घेरा

पीएम मोदी ने तृणमूल कांग्रेस पर पश्चिम बंगाल पंचायत चुनाव के दौरान भाजपा उम्मीदवारों को धमकाने और बूथ कैप्चरिंग का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि ज्ञस्ष्ट के टोलाबाजों की फौज वोटिंग में ठप्पेबाजी की फौज बन जाती है। सारे गुंडों को कॉन्ट्रैक्ट दिया जाता है कि कितने पोलिंग बूथ को कौन कैप्चर करेगा।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए पश्चिम बंगाल के हावड़ा में हो रहे भाजपा के पंचायती राज परिषद कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने विपक्ष पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने मणिपुर मामले में सिफ राजनीति की है। विपक्ष ने मणिपुर के लोगों के साथ सिर्फ विश्वासघात किया है। वे मणिपुर पर चर्चा ही नहीं करना चाहते थे। संसद में अविश्वास प्रस्ताव लेकर आए, फिर वोटिंग से भाग गए। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमने संसद में विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव को हराया और पूरे देश में नकारात्मकता फैलाने वालों को करारा जवाब दिया। विपक्ष के सदस्य संसद बीच में ही छोड़कर चले गए। सच तो यह है कि वे अविश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग से डर गए थे।

विपक्ष को सदन से भागते हुए पूरे देश ने देखा- पीएम मोदी

पीएम मोदी ने कहा कि विपक्ष को सदन से भागते हुए पूरे देश ने देखा। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि इन लोगों ने मणिपुर के लोगों को इतना बड़ा धोखा दिया। सत्र शुरू होने से पहले देश के गृह मंत्री ने इन राजनीतिक दलों को पत्र लिखकर कहा था कि वह मणिपुर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार हैं।

मणिपुर पर विस्तृत चर्चा होना जरूरी है- प्रधानमंत्री

उन्होंने कहा कि मणिपुर पर विस्तृत चर्चा होना जरूरी है, लेकिन असल में क्या हुआ, आप सब देख सकते हैं। विपक्ष ने ऐसा नहीं होने दिया! अगर इतने संवेदनशील विषय पर चर्चा होती तो मणिपुर के लोगों को राहत महसूस होती। उस मुद्दे के समाधान के लिए कुछ समाधान निकल आते, लेकिन विपक्षी लोग इस पर चर्चा नहीं करना चाहते थे। ऐसा इसलिए क्योंकि उन्हें पता था कि मणिपुर की सच्चाई उन्हें सबसे ज्यादा चुभने वाली है।

विपक्ष को दुख-दर्द से कोई मतलब नहीं- पीएम

उन्होंने कहा कि उन्हें लोगों के दुख-दर्द से कोई मतलब नहीं है, उन्हें तो बस राजनीति से मतलब है। यही कारण था कि उन्होंने चर्चा से बचने का फैसला किया और अविश्वास प्रस्ताव लाकर राजनीतिक बहस को प्राथमिकता दी।

पंचायत चुनाव को लेकर TMC को घेरा

पीएम मोदी ने तृणमूल कांग्रेस पर पश्चिम बंगाल पंचायत चुनाव के दौरान भाजपा उम्मीदवारों को धमकाने और बूथ कैप्चरिंग का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि वे

यह सुनिश्चित करने के लिए कुछ भी कर सकते हैं कि कोई भी भाजपा उम्मीदवार नामांकन दाखिल न कर सके। वे न केवल भाजपा कार्यकर्ताओं को बल्कि मतदाताओं को भी धमकाते हैं। बूथ पर कब्जा करने के लिए ठेके दिए जाते हैं। यह राज्य में राजनीति करने का उनका तरीका है। ज्ञस्ष्ट के टोलाबाजों की फौज वोटिंग में ठप्पेबाजी की फौज बन जाती है। सारे गुंडों को कॉन्ट्रैक्ट दिया जाता है कि कितने पोलिंग बूथ को कौन कैप्चर करेगा।

कानून बना दिल्ली सेवा विधेयक, राष्ट्रपति ने दी मंजूरी; सात अगस्त को संसद से हुआ था पारित

दिल्ली सेवा विधेयक को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंजूरी दे दी है। इसी के साथ अब यह कानून बन गया है। भारत सरकार की अधिसूचना में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (संशोधन) अधिनियम 2023 को लागू करने की जानकारी दी गई है। इससे पहले सरकार ने सात अगस्त को संसद से दिल्ली सेवा विधेयक पारित हो गया था। राज्यसभा ने 102 के मुकाबले 131 मतों से 'दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र शासन संशोधन विधेयक 2023' को मंजूरी दी थी। लोकसभा ने इसे तीन अगस्त को पास कर दिया था। दरअसल, मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अगुआई वाली पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने 11 मई को फैसला सुनाते हुए कहा था कि दिल्ली में जमीन, पुलिस और कानून-व्यवस्था को छोड़कर बाकी सारे प्रशासनिक फैसले लेने के लिए दिल्ली की सरकार स्वतंत्र होगी। अधिकारियों और कर्मचारियों का ट्रांसफर-पोस्टिंग भी कर पाएगी। उपराज्यपाल इन तीन मुद्दों को छोड़कर दिल्ली सरकार के बाकी फैसले मानने के लिए बाध्य हैं। इस फैसले से पहले दिल्ली सरकार के सभी अधिकारियों के स्थानांतरण और तैनाती उपराज्यपाल के कार्यकारी नियंत्रण में थे। हालांकि, कोर्ट के फैसले के एक हफ्ते बाद 19 मई को केंद्र सरकार एक अध्यादेश ले आई। केंद्र ने %गवर्नमेंट ऑफ नेशनल कैपिटल टेरिटरी ऑफ दिल्ली ऑर्डिनेंस, 2023% लाकर प्रशासनिक अधिकारियों की नियुक्ति और तबादले का अधिकार वापस उपराज्यपाल को दे दिया। इस अध्यादेश के तहत राष्ट्रीय राजधानी सिविल सर्विसेज अथॉरिटी का गठन किया गया। दिल्ली के मुख्यमंत्री, दिल्ली के मुख्य सचिव और गृह सचिव को इसका सदस्य बनाया गया। मुख्यमंत्री इस अथॉरिटी के अध्यक्ष होंगे और बहुमत के आधार पर यह प्राधिकरण फैसले लेगा। हालांकि, प्राधिकरण के सदस्यों के बीच मतभेद होने पर दिल्ली के उपराज्यपाल का फैसला अंतिम माना जाएगा। दिल्ली में अधिकारियों के ट्रांसफर-पोस्टिंग के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने जो फैसला सुनाया था, वह केजरीवाल सरकार के पक्ष में था। ऐसे में इसे कानून में संशोधन करके या नया कानून बनाकर ही पलटा जाना संभव था। संसद उस वक्त चल नहीं रही थी, ऐसे में केंद्र सरकार ने अध्यादेश लाकर इस कानून को पलट दिया। छह महीने के अंदर संसद के दोनों सदनों में किसी भी अध्यादेश को पारित कराना जरूरी होता है। इसीलिए सरकार संसद के मानूसन सत्र के दौरान दोनों सदनों में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (संशोधन) विधेयक, 2023 लेकर आई और इसे पास कराया।

भाकियू का एलान: अगला लक्ष्य 2024 का लोकसभा चुनाव, नरेश टिकैत बोले- किसान दिखाएंगे अपना गुस्सा

भाकियू के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत ने कहा कि उनका अगला लक्ष्य लोकसभा चुनाव है, जिसमें किसान अपना गुस्सा दिखायेंगे। उन्होंने कहा कि देश में एक ही राष्ट्रीय पार्टी होनी चाहिए। सभी पार्टियों से अच्छे-अच्छे नेताओं को चुनकर एक पार्टी बन जाएं तो खर्च भी कम होंगे। जिस गठबंधन में इंडिया शब्द का इस्तेमाल किया गया हो वह अच्छा ही होगा। बड़ा सोच विचार कर इसका नाम रखा गया है। दोघट कस्बे में पत्रकारों से रूबरू हुए भाकियू अध्यक्ष नरेश टिकैत ने कहा कि भाकियू का अगला कदम 2024 का लोकसभा चुनाव होगा, जिसमें किसान अपना गुस्सा दिखाएंगे। कहा कि देश में एक ही राष्ट्रीय पार्टी बनानी चाहिए। दोघट कस्बे में राजेंद्र चौधरी के आवास पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार किसानों की अनदेखी कर रही है। कृषि यंत्र ट्रैक्टर को कमर्शियल वाहन श्रेणी में शामिल कर दिया है। नरेश टिकैत बोले कि दस साल में ट्रैक्टर का कुछ नहीं बिगड़ा। ट्रैक्टर को कृषि यंत्र में शामिल किया जाए। गन्ने का भुगतान नहीं हो रहा है। किसानों की आर्थिक स्थिति खराब है। यमुना, हिंडन, कृष्णा व अन्य नदियों में बढ़े जलस्तर से बर्बाद हुई किसानों की फसलों एवं मकानों के नुकसान की भरपाई सरकार को करनी होगी। तहसील स्तर पर टीम गठित कर नुकसान का आंकलन कराकर किसान राहत कोष से इसकी भरपाई अति शीघ्र की जाए। भाकियू का अगला कदम 2024 का चुनाव भी है। किसान अपना गुस्सा चुनाव में उतारेंगे। उन्होंने कहा कि किसानों की सरकार से बड़ी नाराजगी है। सरकार अपने एक भी वायदे पर खरी नहीं उतरी। पहले की सरकार से हर मुद्दे पर आमने सामने बैठकर बातचीत होती थी। उनकी बातें मानी जाती थी। भाजपा ने किसानों को बर्बाद कर दिया है।

मुख्य चुनाव आयुक्त विधेयक पर राजनीति हुई तेज, सीएम ममता बोलीं- माई लॉर्ड, हमारे देश को बचा लो

संसद में पेश किए गए चुनाव आयुक्त की नियुक्ति से जुड़े विधेयक को लेकर विपक्षी दलों ने केंद्र सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।केंद्र सरकार ने गुरुवार को राज्यसभा में मुख्य निर्वाचन आयुक्त और चुनाव आयुक्तों के चयन से संबंधित एक बिल पेश किया था, जिसको लेकर अब राजनीति तेज हो गई है। ममता बनर्जी ने इस बिल पर मोदी सरकार की निंदा की और निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा अराजकता पर उतर आई है और वह न्यायपालिका को नहीं मानती है। बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने ट्विटर पर कहा कि इस हफ्ते सीईसी की नियुक्ति के लिए तीन सदस्यीय पैनल में सीजेआई की भूमिका महत्वपूर्ण है। हम चुनाव आयुक्त के चयन में सीजेआई की जगह कैबिनेट मंत्री को लाने का कड़ा विरोध करते हैं।

माई लॉर्ड हमारे देश को बचाइए

आगे सीएम बनर्जी ने कहा कि इस प्रक्रिया से असुविधा होगी और वोटों में हेरफेर हो सकता है जिससे नुकसान होगा। उन्होंने कहा कि भारत को न्यायपालिका के प्रति इस घोर उपेक्षा पर सवाल उठाना चाहिए। हम भारत के लिए न्यायपालिका से अपील करते हैं कि माई लॉर्ड हमारे देश को बचाइए। मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्त की नियुक्ति से जुड़े इस विधेयक पर विपक्षी दलों ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने कहा कि विधेयक का उद्देश्य चुनाव आयोग को प्रधानमंत्री के हाथों की कठपुतली बनाना है। वहीं अरविंद केजरीवाल ने एक ट्वीट में कहा कि यह बिल दिखाता है कि प्रधानमंत्री संसद में बिल लाकर सुप्रीम कोर्ट के किसी भी फैसले को बदल देंगे जो उन्हें पसंद नहीं आएगा।

केंद्र ने मणिपुर में अत्याचार में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को आरोप लगाया कि केंद्र ने मणिपुर में अत्याचार करने वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भ्रष्टाचार पर नहीं बोल सकते क्योंकि उनकी सरकार पीएम केयर फंड, राफेल डील और नोटबंदी जैसे मुद्दों से घिरी हुई है। टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी ने कहा कि पीएम बिना किसी सबूत के विपक्ष पर आरोप लगा रहे हैं क्योंकि बीजेपी नहीं चाहती कि देश के गरीब लोग जीवित रहें। आगे बोलीं कि प्रधानमंत्री देश को गुमराह कर रहे हैं। वह बिना किसी सबूत के बोल रहे हैं। भाजपा नहीं चाहती कि देश में कोई भी गरीब बचे। वह भ्रष्टाचार पर नहीं बोल सकते, क्योंकि भाजपा सरकार के खिलाफ भ्रष्टाचार के कई आरोप हैं। आगे ममता बनर्जी ने कहा कि विपक्ष संसद में मणिपुर पर चर्चा नहीं चाहता है, भाजपा ने पूर्वोत्तर राज्य में अत्याचारों में शामिल लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की है। पश्चिम बंगाल में भी ग्रामीण चुनावों के दौरान उनके (भाजपा) द्वारा 15-16 लोगों की हत्या कर दी गई है।

नशा मुक्त प्रदेश-सशक्त प्रदेश: मुख्यमंत्री योगी की युवाओं से अपील- नाश का कारण है नशा, इससे बचकर रहें

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नशा मुक्त प्रदेश-सशक्त प्रदेश अभियान का शुभारंभ करते हुए युवाओं से अपनी ऊर्जा सकारात्मक कार्यों में लगाने की अपील की है।

उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने की बात कही है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को लखनऊ में नशा मुक्त प्रदेश-सशक्त प्रदेश अभियान का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने युवाओं से अपील की है कि नशा नाश का कारण बनता है।

इससे बचकर रहें।उन्होंने अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस पर युवाओं को बधाई भी दी। इस मौके पर उन्होंने ट्वीट कर कहा कि सभी युवा साथियों को %अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस% की हृदय से बधाई एवं अनंत शुभकामनाएं! आइए, इस अवसर पर आत्मनिर्भर भारत-समर्थ भारत-आधुनिक भारत की निर्माण-यात्रा को और अधिक सशक्त-समृध्द करने में अपना योगदान देने हेतु सकंल्पित हों। मुख्यमंत्री योगी ने अपने भाषण में कहा कि हमारा युवा स्वावलंबी बने और उसके स्वावलंबन से हमारा प्रदेश तथा देश आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त कर सके, इस दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवा अपनी ऊर्जा का उपयोग रचनात्मक कार्यों में करें तो आपका भविष्य उज्ज्वल होगा।

संपादकीय Editorial

PM's incomplete statement

The no-confidence motion of the opposition was defeated in the Lok Sabha. This result was already decided, as the majority figure was one-sided. Anyway, after the debate, the opposition could not demand a division as it had walked out in the middle of the Prime Minister's speech. Prime Minister Modi spoke for a total of 2 hours 13 minutes. After about an hour and a half passed, he came to Manipur and Northeast. Before that, he called the opposition alliance 'arrogance'. Talked about familyism and courtism. Termed the behavior of the opposition as 'ostrich'. The Congress statement of 'grave will be dug' is considered as a 'tonic' for itself. Said about the 'secret boon' of the Congress that whoever it wishes bad for, it will be good for him. The Prime Minister claimed in Parliament itself that in 2024, breaking all records, the BJP-NDA will return to the government for the third time in a row, with the blessings of the people. In the third term of the government itself, India will become the third largest economy in the world. Actually there was no innovation in the Prime Minister's statement. He continued to attack and satirize the Gandhi family, the Congress and the 'India' alliance, as this has been his politics for more than four decades. The Prime Minister turned his back on 'poverty' that 13.5 crore people have come out of poverty during his regime. This is the report of NITI Aayog. Quoting the International Monetary Fund does not make the truth clear. The Prime Minister did not reveal how many poor people are there in the country and how much population is still below the poverty line? RSS Sarkaryavah (General Secretary) Dattatreya Hosabale had said that even today 235 million people are poor or living below the poverty line. They are unable to even earn Rs 350 a day. Make a comparative disclosure of the reports of Prime Minister Niti Aayog and Dattatreya that what is the reality? Also clarify whether the new definition of poverty line has been fixed that how much income a citizen will come under its purview? The question is also that despite the end of Corona, why more than 80 crore Indians have to be given 5 kg of free food grains every month? Of course, the Prime Minister has cited the report of the World Health Organization and said that the 'Jal-Jeevan' scheme has saved the lives of 4 lakh people and 3 lakh people have been saved from dying. Who are these people – the poor, the downtrodden, the exploited, the deprived and the backward villagers. That is, such a group still exists in the country. How can they be kept out of poverty? The Prime Minister did not mention the appalling reality of malnutrition and anemia among women and children in the country. Even more deaths have been happening than that. The worrying situation is that these poor people do not have enough resources to get their treatment done. Not all the poor are benefited under the 'Ayushman' scheme. However, Prime Minister Modi has expressed hope to the people of Manipur that a new sun of peace will rise soon. The whole country, the whole House is with Manipur, but even after 100 days of the period of violence, what is the situation today, the Prime Minister did not even mention it. The average picture of the sensitive areas of Manipur is that the burnt settlements, broken houses, closed, deserted markets are telling the horrifying reality of today. Over 40,000 people are crammed into around 350 relief camps. Most are women and children. There are weapons in the hands of the youth in the name of caste or social status – indigenous as well as modern. When children cry for milk in the camps, the mothers feed them biscuits and put them to sleep. Many women are pregnant. There are no medicines, no adequate diet and no nurses to take care of their health. The youth have left their books and kept arms and are guarding outside the bunkers.

Pakistan's Political Fiza

After the resignation of the Prime Minister of Pakistan, Shehbaz Sharif, the search for a caretaker Prime Minister is still on in this country, but the whole world knows that this work cannot be done without the will of the army of this country. After resigning from the office, the search for the acting Prime Minister is still on in this country, but the whole world knows that this work cannot be done without the will of the army of this country, because Pakistan is the only country in the whole world where the country does not have an army but There is a 'country of the army'. Shehbaz Sharif tendered his resignation under the Constitution of Pakistan because the term of its National Assembly is coming to an end and a caretaker government is set up to hold free and fair elections in the country until the next elections are held. This system has been going on in Pakistan since 1985. However, its democracy is considered to be half-incomplete and just a shadow of military dictatorship. Now the favorable situation is that it may happen that instead of being held in the month of October, the elections in the country may be held in the month of February-March next year. If this happens, during that time the relation of Loksabha elections in India would have been tied and in that case what kind of relationship would be formed between New Delhi and Islamabad so that both the countries could not do any work affecting each other's politics. However, in the past, there used to be an unwritten agreement between the two countries that when the election process of each other country starts, no such action should be taken which could affect their politics. But after 2014, Pakistan stopped showing this decency and did such acts many times which made Indian politics unstable. Many examples can be given of this. But the Shehbaz Sharif government that was formed last year in Pakistan by the Muslim League (Noon) party was formed barely by toppling the then Imran Khan's government through a no-confidence motion in the National Assembly, because the then Vicerezam Imran Khan had given the whole assembly his dynasty. He had considered its chairman as his property and kept all the democratic rules in his pocket, due to which the Supreme Court opened its doors in the middle of the night and evicted the Imran Khan government. Then Imran Khan was called 'Ain Shikan' i.e. law breaker all over Pakistan. It had gone so far that none other than the President had refused to administer the oath of office and secrecy to the new Prime Minister, Azam Shahbaz Sharif, because he had reached this position with the help of Imran Khan's Tehreek-e-Insaf. Well, these are the internal issues of Pakistan's half-baked democracy, but now the reality is that elections are to be held in Pakistan, which should be held within 90 days after the resignation of Shehbaz Sharif, but there is a screw stuck in it that the government here has introduced new digital technology. Ordered to conduct an opinion poll. The last census was held in 2017 in which the population of Pakistan was 21 crores. In the new census, this population has come to 24 crores. The law is that the elections must be held with the latest opinion poll data. This work cannot be done without new delimitation of constituencies. This work will be done by the Election Commission of Pakistan and it has said that it will take at least 120 days. That's why it is being speculated that the elections will be held in February-March next year. But in these elections Sabik or former Vazirazam Imran Khan cannot participate because the court has sentenced him to five years in the famous Toshakhana corruption case and he is currently in jail. However, the way to go to the High Court and the Supreme Court is open for them. The Pakistan Army's interference in governance in Pakistan is such that it not only makes its loyal leaders prime ministers but also rigs the elections in favor of their political groups. When Imran Khan came to power in 2018, he raised the slogan 'Balla Ghumao-Bharat Harao'. Even then there were allegations that the army rigged the ballot papers in favor of Imran Khan's party Tehreek-e-Insaf. But Imran Khan's government had tried to enact this law that elections should be conducted through EVM machines, which was strongly opposed by the people of Pakistan. From this, the reliability of EVM machines can be estimated. But Shahbaz Sharif's government has made another legal amendment that the caretaker government formed for the election period will have full powers and it will be able to take far-reaching decisions on all important matters ranging from Pakistan's foreign policy. Because of this, there is increasing hue and cry all over Pakistan as to who will be the caretaker Prime Minister. For this reason, this issue is also being raised that if the national elections of India and Pakistan are held almost simultaneously, then what will be its effect?

Why the controversy over the bill related to the appointment of election commissioners? Know the reason for opposition's opposition

The opposition is opposing the bill, in which the three-member committee to select the Election Commissioner will have a cabinet minister in place of the Chief Justice. The job of the Election Commission is to conduct elections. Similarly, it is not the job of the government to choose the Election Commissioner on its own. But this question has arisen with the new bill, in which the government has set a new basis for the selection of the Election Commissioner. If the new bill becomes law, the election commissioners will be selected by the prime minister, the leader of the opposition or the leader of the largest opposition party in the Lok Sabha, and a senior minister in his own cabinet nominated by the prime minister. It is clear that the possibility or apprehension of the two leaning towards one side will remain, so the opposition is opposing it. Earlier, the Prime Minister used to sit with the cabinet and decide the name of the Election Commissioner. In such a situation, no matter how impartial the Election Commissioner was, he used to be branded. There was criticism of this system, but there was no change. Meanwhile, the CBI Director, the Chief Information Commissioner or the Chief Vigilance Commissioner all continued to be appointed by a committee, in which the Prime Minister and the Leader of the Opposition were given space. But in the case of the Election Commissioner, the government kept on taking exemption, on which there were controversies and also litigation in the court. One such case reached the Supreme Court, in which an IAS officer of the Punjab cadre was made the Election Commissioner within six hours of his retirement. Then the Supreme Court ruled that until the government brings a new bill on the appointment process, the Election Commissioner will be appointed by the Prime Minister, the Leader of the Opposition and the Chief Justice of the Supreme Court. But in the new bill the role of the Chief Justice has been abolished. It is being argued that the Chief Justice may be a knower of the law, but he may not necessarily be aware of the working of government officials at the level of secretary. An argument was also given that since the issue of the Election Commissioner has gone to the court, therefore It is not proper for the Chief Justice to be a part of the appointment process. But the CBI director is also selected by the CJI along with the Prime Minister and the leader of the opposition and the Supreme Court also hears the cases of the CBI, so why should the CJI be considered a moral limitation in the appointment of the Election Commissioner? Provision has been made in the bill that now the names of officers below the level of secretary will not be considered. A select committee will be formed under the chairmanship of the cabinet secretary, who will make a selection committee of five names and the committee will consider them. Welcoming this, the former Chief Election Commissioner is saying that earlier anyone was made the Election Commissioner, but now this will not happen. But the bill says that if the committee wishes, it can appoint any other person as election commissioner other than the names sent. Experts say that this is an avenue of interference. According to former Chief Election Commissioner SY Qureshi, there should be a provision in the bill that the committee should unanimously agree on a name. He says that people all over the world are losing faith in the credibility of the Election Commission. During the last presidential election in America, 40 percent of the voters expressed doubts about the election process. How can the Election Commission influence elections? One, announce the dates and phases of elections as per the convenience of the ruling party. A long election proves beneficial for parties with money, because smaller parties start gasping only after the second phase. Two, questions have been raised on the Commission regarding addition or deletion of names in the voter list. Three, the Commission has been facing allegations of partiality regarding the implementation of the election code of conduct. Elections are also affected by issuing notices on the speeches of the leaders of the opposition parties ignoring the speeches of the leaders of the ruling party. The commission has taken many steps regarding EVM machines, yet questions arise. TN Seshan had given edge to the Election Commission while being the Election Commissioner. Once he said in front of the then Prime Minister Narasimha Rao that no one should have the misconception that Seshan is a horse and the Prime Minister is a rider. Has anyone else been able to do such a thing?

सुपर जोइनिंग वीक
उत्तर प्रदेश,उत्तराखंड,छत्तीसगढ़,पंजाब का तेजी से बढ़ता आपका अपना
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच & KNLS Live
आवश्यकता है भारत के सभी राज्यों से
रिपोर्टर,विज्ञापन प्रतिनिधि की
12 पेज का फुल अखबार
एक बार कॉल अवश्य करे
9027776991
प्रसारित क्षेत्र - उत्तर प्रदेश,उत्तराखंड,छत्तीसगढ़ पंजाब बाकि राज्यों से जल्द प्रसारित

अनुज हत्याकांड : सहमे प्रत्यक्षदर्शी बोले- पहली बार देखी ऐसी मौत

मुरादाबाद- बिना नंबर की बाइक से हमले के 20 मिनट पहले सोसाइटी में घुसे थे हमलावर, पार्श्वनाथ प्रतिभा सोसाइटी में भाजपा नेता अनुज चौधरी की हत्या के बाद शुक्रवार को कोई खास चहल-पहल नहीं रही। दोपहर को दूर-दूर तक सोसाइटी में फ्लैट से बाहर कोई व्यक्ति नजर नहीं आ रहा था। गेट पर भी कोई हलचल नहीं थी। शाम छह बजे के दौरान फ्लैट के बाहर कुछ बच्चे जरूर दिखे लेकिन, कोई भी पुरुष-महिला वॉक करते नहीं दिखा। सोसाइटी परिसर में रोजाना अंदर अनुज व उनका दोस्त पुनीत और जोसेफ वॉक कर रहे थे। अनुज को हमलावरों ने पुनीत और जोसेफ के सामने ताबड़तोड़ फायरिंग कर मौत के घाट उतारा। घटना के दौरान अनुज पुनीत व जोसेफ से सबसे बाएं थे।

पुनीत बीच में और जोसेफ दाएं था। अनुज व पुनीत बिल्कुल पड़ोस में और जोसेफ इनके दाएं कुछ फासले पर था। गोली की आवाज और अनुज को सड़क पर गिरता देख जोसेफ अपने को

सुरक्षित कर दूर भागे और दौड़ते हुए इंट्री गेट पर पहुंचकर गार्डों को बताया था। गार्ड भी दौड़ते हुए घटना स्थल पर आए थे। जोसेफ दक्षिण भारत के रहने वाले हैं और वह सोसाइटी में टॉवर-5 में रहते हैं। टीएमयू अस्पताल में जॉब करते हैं। घटना का जिक्र करने पर जोसेफ ने हैरत जताते हुए कहा कि वह कैसे बच गए, वह ईश्वर के शुक्रगुजार हैं। कहा, वह पुनीत व अनुज के बराबर चलकर वॉक कर रहे थे। जोसेफ बोले, वह बहुत ही डरे हैं। उनके सामने जिंदगी में पहली बार इस तरह के हमले में किसी की हत्या हुई, जिसे उन्होंने अपनी आंखों से देखा है।

डरे-सहमे जोसेफ को रात भर नींद नहीं आई। जोसेफ ने ये भी बताया कि अनुज चौधरी घटना के समय जिस ट्रैक पर वॉक कर रहे थे, उस ट्रैक पर इससे पहले कभी उन्होंने अनुज को वॉक करते नहीं देखा। यह ट्रैक अनुज के फ्लैट से उलटा पड़ता है। वैसे अनुज अपने फ्लैट के सामने ही वॉक किया करते थे। इंट्री गेट पर ड्यूटी कर रहे गार्ड मानक ने बताया कि घटना से करीब 20 मिनट पहले हमलावर सोसाइटी में बिना नंबर वाली काली रंग की नई स्पलेंडर बाइक से घुसे थे। इन्हें रोका तो बोले कि अनुज भइया से मिलने जा रहे हैं। इसलिए पूर्व में अनुज के द्वारा उनसे मिलने को आने वालों का गेट पर न रोकने की बात पर उन्होंने बाइक सवारों को रोका नहीं। सोसाइटी में ड्यूटी पर मौजूद सुपरवाइजर मोहित शर्मा और गेट नंबर दो पर ड्यूटी कर रहे गार्ड सुभाष चंद्र शर्मा ने बताया कि घटना के बाद से वह लोग घर नहीं लौटे हैं। पुलिस उन लोगों से थोड़ी-थोड़ी देर में आकर पूछताछ कर रही है।

सोसाइटी के दूसरे गेट पर जड़ा ताला

पार्श्वनाथ प्रतिभा सोसाइटी के दूसरे गेट पर शुक्रवार को पूरे दिन ताला जड़ा रहा। हालांकि, गेट पर गार्ड सुभाष चंद्र शर्मा ड्यूटी देते रहे। उन्होंने बताया कि घटना को देखकर सुरक्षा कारणों से गेट पर ताला लगाया गया है। भाजपा नेता अनुज चौधरी हत्याकांड में चार-पांच संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ चल रही है। अभी इस मामले में कुछ कहना जल्दबाजी होगी। नामजद अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें संबंधित स्थलों पर जाकर दबिश दे रही हैं। जल्द ही घटना का राजफाश करेंगे।- अखिलेश भदौरिया, पुलिस अधीक्षक नगर

बदमाशों ने भोगपुर क्षेत्र में युवक को दौड़ाकर मारी गोली, हथियार लहराकर मौके से भाग निकले आरोपी

मुरादाबाद जिले के थाना भोजपुर में बदमाशों ने युवक को गोली मार दी। इससे दो दिन पहले भाजपा नेता अनुज चौधरी को गोली मार दी थी। पुलिस दोनों मामलों की जांच कर रही है। मुरादाबाद में बदमाशों के हौसले बुलंद हैं। भोजपुर थाना क्षेत्र निवासी विक्की नामक युवक को बदमाशों ने दौड़ाकर गोली मार दी। उसे गंभीर हालत जिला अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। तीन दिनों के भीतर दो लोगों को गोली मारने की घटना के बाद कानून व्यवस्था पर सवाल उठने शुरू हो गए हैं। इससे पहले दस अगस्त बृहस्पतिवार को नया मुरादाबाद के पार्श्वनाथ प्रतिभा सोसायटी में भाजपा नेता एवं असमोली ब्लॉक प्रमुख पद के प्रत्याशी रहे अनुज चौधरी (35) की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जिस समय घटन हुई वह अपने दोस्त के साथ सोसायटी में ही सड़क पर टहल रहे थे, जबकि उनका गनर और स्टाफ फ्लैट में मौजूद था। परिजनों ने चुनावी रंजिश को

वजह बताते हुए असमोली ब्लॉक प्रमुख के पति और उसके बेटे सहित चार पर मुकदमा दर्ज कराया है। संभल जिले के एचौड़ा कम्बोह थाना क्षेत्र के अलिया नेकपुर निवासी अनुज चौधरी मझोला क्षेत्र में पार्श्वनाथ प्रतिभा सोसायटी में टावर टी-7 के फ्लैट नंबर 401 और 402 में रहते थे। उन्होंने असमोली ब्लॉक के प्रमुख का चुनाव लड़ा था। संभल पुलिस से उन्हें एक सरकारी गनर मिला था। अनुज ने अपनी सुरक्षा में दो निजी गनर भी रखे थे। रोज की तरह अनुज बृहस्पतिवार शाम छह बजे सोसायटी में ही अपने दोस्त पुनीत निवासी संभल के साथ टहल रहे थे। वह टहलते हुए गेट संख्या एक के सामने सड़क पर पहुंच गए। इस दौरान पीछे से बाइक पर तीन बदमाश आए। बाइक चला रहे बदमाश ने हेमलेट पहन रखा था। जबकि पीछे बैठे दोनों बदमाश बेनकाब थे। तीनों ने 315 बोर तमंचे और पिस्टल से अंधाधुंध गोलियां चला दीं। सिर, पीठ और कंधे में गोली लगने पर अनुज मौके पर ही गिर गए। साथी पुनीत जान बचाने के लिए पार्क की ओर दौड़ा तो बदमाशों ने उस पर भी फायरिंग की, जिसमें वह घायल हो गया। फायरिंग की आवाज सुनकर आस पड़ोस के लोग अपने फ्लैटों से बाहर निकले तो बदमाश गेट संख्या एक से भाग गए।

भाजपा नेता अनुज चौधरी के सभी दुश्मन हो गए थे दोस्त, जेल से रची गई थी हत्या की साजिश

मुरादाबाद -मुरादाबाद में भाजपा नेता अनुज चौधरी की पार्श्वनाथ प्रतिभा सोसायटी में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जांच में पता चला है कि भाजपा नेता के सभी दुश्मनों ने हाथ मिला लिया था। इसके लिए कुछ दिन पहले एक नेता ने जेल में कई लोगों से मुलाकात की थी। मुरादाबाद में हुई भाजपा नेता अनुज चौधरी की हत्या का ताना बाना जेल में बुना गया था। यहां उम्रकैद की सजा काट रहे एक कैदी से अनुज चौधरी के दुश्मन मुलाकात करने पहुंचे थे। लंबी चर्चा करने के बाद जेल से बाहर आते ही भाजपा नेता को पार्श्वनाथ सोसायटी में गोलियों से भून दिया गया था। पुलिस ने संदिग्ध से पूछताछ की तो इस तरह क्लू हाथ लगे हैं। जिस पर पुलिस टीमें लगातार काम कर रही हैं। मझोला के नया मुरादाबाद स्थित पार्श्वनाथ प्रतिभा सोसायटी में बृहस्पतिवार शाम छह बजे

गोलियां मारकर मौत के घाट उतारे गए भाजपा नेता अनुज चौधरी के दोस्तों की लिस्ट लंबी है। दुश्मनों की भी संख्या कम नहीं है। संभल के अलिया नेकपुर निवासी अनुज चौधरी के दादा की 2013 में मौत हो गई थी। बताया जा रहा है कि इस मामले में अनुज चौधरी के परिवार की ओर से गांव के ही कुछ लोगों पर हत्या का आरोप लगाया गया था। जिसके बाद गांव में अनुज के परिवार की रंजिश दूसरे परिवार से शुरू हो गई थी। तब अनुज अपने परिवार के साथ अमरोहा के हसनपुर के बुखारीपुर गांव में चले गए थे। इसके बाद भी अनुज चौधरी ने अपनी राजनीति संभल में सक्रिय रखी। जिस कारण असमोली की ब्लॉक प्रमुख के पति प्रभाकर और उनके बेटे अनिकेत से रंजिश बढ़ती जा रही थी। इसके अलावा अनुज ने प्रॉपर्टी के धंधे में भी किस्मत अजमाई। जिसमें वह तेजी से आगे बढ़ा। यहां भी दुश्मनों की संख्या बढ़ती चली गई। साथ ही दोस्त भी बनते चले गए। दो सितंबर 2020 को अमरोहा में केजीके कॉलेज के पूर्व छात्र नेता एवं संभल के भवालपुर निवासी मोहित चौधरी पर हमला हुआ। जिसमें मोहित चौधरी सात गोलियां चली गई थीं। इस हमले की साजिश रचने में भी अनुज का नाम सामने आया था। मोहित का परिवार भी अनुज से रंजिश रखने लगा था। इसके बाद अनुज ने रहने के लिए सुरक्षित स्थान मुरादाबाद में चुना था। पुलिस सूत्रों का दावा है कि अनुज के अधिकांश दुश्मन एक हो गए थे। इसके लिए उन्होंने एक मजबूत प्लानिंग की थी। जिसकी पूरी साजिश जेल में रची गई थी। सोसायटी में कुछ लोगों को अपने विश्वास में लिया गया था। जिसके बाद शूटरों को आने जाने में कोई दिक्कत न हो। घटना वाले दिन शूटर पहले ही सोसायटी में पहुंच गए थे। इसके बाद ही इस वारदात को अंजाम दिया गया था। जांच में सामने आया है कि कुछ लोगों ने दो दिन पहले ही जेल में अनुज के एक दुश्मन से मुलाकात की थी। कुछ संदिग्धों से पूछताछ की गई है। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज और संदिग्ध लोगों से पूछताछ में अहम सुराग हाथ लगे हैं। जिसके जरिए कड़ी से कड़ी जोड़कर हत्याकांड का खुलासा करने का प्रयास किया जा रहा है। -हेमराज मीना, एसएसपी

रामपुर में चार साल से रह रहा था फिजी परिवार, मेरठ में दूसरी शादी करने के चक्कर में खुल गया भेद

मुरादाबाद -फिजी निवासी युवक को पुलिस ने मेरठ से गिरफ्तार किया है। वह रामपुर में अपने तीन बच्चों के साथ रहता था। खुफिया तंत्र ने विदेशी परिवार के सदस्यों से पूछताछ शुरू कर दी है।रामपुर में पिछले चार साल से विदेशी परिवार वीजा खत्म होने के बाद छुपकर रह रहा था। युवक के मेरठ में पकड़े जाने के बाद खुफिया तंत्र व पुलिस सक्रिय हो गई। खुफिया तंत्र व पुलिस ने रामपुर में रह रहे विदेशी परिवार के सदस्यों से पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस भी इस मामले की जांच कर रही है।मेरठ पुलिस ने रामपुर के सिविल लाइंस क्षेत्र की सेंट्रल कालोनी में रहने वाले सैय्यद फैजल असलम खां पुत्र सैय्यद करीम को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक फैजल फिजी नागरिक है। उसे पुलिस ने पासपोर्ट न होने के कारण गिरफ्तार किया है। मेरठ पुलिस

की पूछताछ से उसने खुलासा किया कि वह रामपुर में परिवार समेत रह रहा है। वह 2019 में रामपुर में आया था। उसने रोबीना से विवाह कर लिया था। इसके बाद तीन बेटियां हुईं। पुलिस के अनुसार यह चारों लोग रामपुर में रह रहे थे। पुलिस के अनुसार फैजल 26 फरवरी को 2019 को हांगकांग होते हुए भारत आया था। पुलिस के अनुसार तीनों बच्चे फिजी में पैदा हुए हैं। यह टूरिस्ट वीजा पर भारत आये थे। इनका वीजा 26 अप्रैल 19 को खत्म हो गया था। मेरठ पुलिस के इनपुट के बाद रामपुर पुलिस सक्रिय हो गई। पुलिस ने फैजल के परिवार के सदस्यों से पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार शुक्ला के अनुसार परिवार के सदस्यों से पूछताछ की जा रही है। जैसा भी सामने आएगा उस बारे में खुलासा किया जाएगा।

नवंबर में आएगा पंजाब का आलू, स्थानीय दिसंबर में...प्याज की कीमत में लगे पंख

उम्मीद: अभी थोक में 16 से 23 रुपये प्रति किलो बिक रही है प्याज, मंडी में आगरा, अलीगढ़, हल्द्वानी से आ रहा आलू

मुरादाबाद- अब आलू के संग प्याज की कीमत में भी पंख लग गए हैं। तीन माह पहले मंडी में 10 से 12 प्रति किलोग्राम की दर से बिकने वाला आलू अब 16 से 18 रुपये थोक भाव में बिक रहा है। फुटकर में आलू 25 से 30 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से बिक रहा है। जबकि, प्याज के दाम भी बढ़ रहे हैं। थोक में 16 से 23 रुपये कीमत वाली प्याज फुटकर बाजार में 30 रुपये है। स्थानीय आलू दिसंबर में आएगा, जबकि

नवंबर में पंजाब से आलू की खेप आने लगेगी। थोक मंडी में बाहर से आलू आ रहा है, जिससे इसके भाव बढ़ रहे हैं। क्योंकि आलू हर सब्जी में प्रयोग होता है। थोक मंडी में तीन माह पहले 50 किलोग्राम आलू 500 रुपये में बिकता था जो अब 650 से लेकर 700 रुपये पहुंच गया है। आढ़ती बता रहे हैं कि आलू अभी बाहर से आ रहा है। यहां का आलू का उत्पादन नहीं है। इससे दाम पर असर पड़ा है। मंडी में इस समय आगरा, अलीगढ़, चंदौसी, संभल और हल्द्वानी से आलू आ रहा है। जनपद में नये आलू का उत्पादन दिसंबर तक होगा। नवंबर में पंजाब से भी आलू आना शुरू हो जाएगा। इससे दाम पर कुछ फर्क पड़ेगा। टमाटर, हरी मिर्च, अदरक के बाद अब आलू और प्याज का भाव भी चढ़ रहा है। थोक में आलू 16 रुपये से 18 रुपये तक है। यही आलू खुले बाजार में 25 से 30 रुपये में मिल रहा है। चार-पांच गाड़ियां प्रतिदिन आलू लेकर आ रही है। अभी मांग के हिसाब से आपूर्ति ठीक हो रही है। एक गाड़ी में करीब पांच सौ कटटे होते हैं। -विजेंद्र सिंह, आलू आढ़ती,सावन में प्याज की खपत कुछ कम हे। प्याज का थोक भाव 16 रुपये से लेकर 23 रुपये तक है। महानगर में पांच हजार कुंतल प्याज की खपत है, लेकिन सावन के बाद प्याज की खपत और बढ़ेगी। - नितिन लहसुन भी पीछे नहीं है। लहसुन 70 से लेकर 90 रुपये प्रति किलोग्राम में बिक रहा है। तीन माह पहले लहसुन 40 से 60 रुपये था। इस समय मध्यप्रदेश से लहसुन आ रहा है। इसकी फसल को बारिश से भी नुकसान हुआ है। इसका असर भी दाम पर पड़ रहा है। -बिलाल, कारोबारी तीन माह पहले की अपेक्षा आलू और प्याज के दाम में कुछ बढ़ोत्तरी हुई है। आलू का उत्पादन स्थानीय स्तर पर हो नहीं रहा। आलू कोल्डस्टोर से आ रहा है, इस पर किसान किराया भी जोड़ रहा है। इस वजह से आलू के भाव में कुछ अंतर आया है। -ज्योति सिंह, सचिव मंडी समिति

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

जिला कारागार एटा में विधिक जागरूता शिविर एवं वृक्षारोपण

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा-राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एंव माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, एटा के दिशा-निर्देशन में आज दिनांक 12-08-2023 को जिला कारागार एटा की महिला बैरेक में निरूद्ध महिला बंदियो के मध्य विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,एटा द्वारा महिला बंदियों से उनकी समस्यों के बारे पूछा गया तथा उन्हें महिलाओ से संबंधिक विधिक जानकारी प्रदान करायी गयी सचिव महोदय द्वारा अवगत कराया गया कि जिन महिला बंदियों की जमानत न्यायालय द्वारा प्रदान करायी जा चुकी है किन्तु जमानती के अभाव में न्यायालय में निरूद्ध है तथा जिनके वाद में पैरवी हेतु कोई अधिवक्ता नियुक्त नही है उनकी पैरवी हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एटा द्वार निशुल्क अधिवक्ता प्रदान कराया जायेगा। साथ ही महिला बंदियो को पीसीपीएनडीटी एक्ट, दहेज निषेध अधिनियम, महिलाओं के अधिकारों आदि से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान करायी गयी। साथ ही सचिव, महोदय द्वारा जिला कारागार एटा के परिसर में पौधे लगार कर वृक्षारोपरण का शुभारम्भ किया गया तत्तपश्चता जेल अधीक्षक ,जेलर, डिप्टी जेलर एवं अन्य कर्मचारीगणों द्वारा पौधे लगाकर वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर श्री अमित चौधरी जेल अधीक्षक,श्री प्रदीप कुमार कश्यप जेलर,श्री ;त्विक प्रियदशी डिप्टी जेलर,एवं समस्त कर्मचारीगण आदि उपस्थित रहे।

दलित भाईयों से मिलकर अल्पसंख्यक विभाग के पदाधिकारियों ने काँग्रेस के कार्यकर्ताऔ ने पम्प लेट वितरण

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा-एटा मे जय जवाहर - जय भीम कार्यक्रम के अंतर्गत दलित-मुस्लिम जनसंपर्क सप्ताह के तहत पटियाली गेट बाल्मीकि दलित बस्ती में दलित समुदाय के घरों पर जाकर दलित भाईयों से मिलकर अल्पसंख्यक विभाग के पदाधिकारियों ने काँग्रेस के कार्यकर्ताऔ ने पम्प लेट वितरण करते हुए भाजपा की दलित-मुस्लिम विरोधी नीतियो को उजागर किया इस अवसर पर बोलते हुए अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश सचिव एवं एटा प्रभारी सैयद अबरार अली ने कहा भाजपा संविधान बदल कर आपका आरक्षण खत्म करना चाहती है आपका जमीन संबंधी सुरक्षा कानून को पहले ही निरस्त कर चुकी है। अल्पसंख्यक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष वसीम सलमानी ने कहा दलित भाई और मुस्लिम भाई जब मिलकर कांग्रेस को वोट करते थे तब संसद में सिर्फ भाजपा के दो सांसद हुआ करते थे अभी भाजपा सिर्फ 37 परसेंट पर सरकार बनाई है जबकि दलित-मुस्लिम की की संख्या 42% है कार्यवाहक जिलाध्यक्ष अनिल सोलंकी ने कहा आइए हम आप मिलकर 2024 मे इस जन विरोधी भाजपा सरकार को हटाने का काम करें। आज के दलित- मुस्लिम जनसंपर्क अभियान में प्रमुख रूप से अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश सचिव अबरार अली कार्यवाहक जिलाध्यक्ष अनिल सोलंकी अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष वसीम सलमानी पूर्व शहर अध्यक्ष आशिक हुसैन उर्फ भोले वरिष्ठ कांग्रेसी नेता डॉक्टर शैलेंद्र गौड पूर्व विधानसभा अध्यक्ष यूथ कांग्रेस हसीन मियां सोशल मीडिया जिला अध्यक्ष तसव्वुर सुभाष सागर आदि कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने संपर्क कर पर्चे बांटे

आजादी के अमृत महोत्सव पर गुंजी आजादी के वीर सहीदो की वीगाथा

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा-आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष के समापन सप्ताह के अंतर्गत मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम मे शहीदों को नमन करते हुऐ उनकी बलिदान पर संगोष्ठी की गईं। इस मोके पर छात्रों को भारत माता के वीर सपूत,जिन्होंने आजादी के लिए अपनी हंसते-हंसते अपने प्राण न्योछावर कर दिया की जीवन गाथा से संबंधित कहानी बच्चों को सुनाई गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री राजू राम रतन ने कहानियों के माध्यम से बच्चों को पढ़ने के लिए भी प्रेरित करते हुऐ बताया कि आप सभी के जीवन का छात्र-मय जीवन पुरी जिंदगी का स्वर्णि काल है आप सभी ने यदि निष्ठा पूर्वक आपने अंदर विश्वास पैदा कर लिया तो आप सभी आपने लक्ष्य को अवश्य प्राप्त कर सकते है
श्रीमती विनिता जी न वीर शाहिद उधम सिंह जी दृढ़ निश्चय से भारी कहानी सुनाई व श्री महेश चंद्र जी ने भी छात्रों को विरगाथा से प्रेरित कहानियाँ सुनाई बताया कि पढ़ाई के लिए जूनून पैदा होना चाहिए ओर उसे पुरा करने के लिए सपने जागते हुऐ देखने होंगे ओर ऐसा अगर संभव हुआ तो हमारा देश को पुनः सोने की चिड़िया होने से कोई नही रोक सकता। आज़ादी के वीर सपूतो के नाम से प्रधानाचार्य व छात्रों ने पौधे भी रोपित किए।

श्री श्री 1008 जगतगुरु श्री स्वामी देवनायकाआचार्य की महिमा

क्यूँ न लिखूँ सच
हारून बख्श

फर्रुखाबाद -फर्रुखाबाद श्री श्री 1008 जगतगुरु श्री स्वामी देवनायकाआचार्य जी महाराज मध्य प्रदेश दतिया 134 वर्ष की आयु पर शरीर को शांत करने वाले महान संत सन 18 सो 90 में जन्म के बाद मैं तो हो गई घर वालों ने इन्हें बाहर डाल दिया कुछ समय बाद स्वामी जी को जीवित पाया 5 वर्ष की आयु में नीलकंठ चले गए वाही रहकर 80 वर्षों तक तपस्या की इसके बाद फलदायक ईश्वर कृपा होने पर स्वामी जी कंपिल नगर पहुंचे स्वामी जी कंपिल मुनि के आश्रम के पास रहने का विचार बनाया जिस स्थान पर कोई भी मानव शरीर रुक नहीं सकता था कपिल आश्रम में 5 वर्षों तक तपस्या करने के बाद सती माता ने स्वप्न दिया कि मैं जमीन के नीचे दबी हूं मुझे किसी प्रकार बाहर निकाल लाओ लोगों के सहयोग से महाराज जी ने उस जमीन को खोदा गया अंडरग्राउंड उनकी स्थापना करवाई इसके बाद वहां पर कार्य चलता ही रहा महाराज सहयोग यू के द्वारा उसका निर्माण कार्य चलता ही रहा जी मंदिर में लिफ्ट की सेवा का भी स्थान छुड़वा दिया जिसमें गौशाला यात्रियों के रुकने की बहुत ही सुंदर व्यवस्था करवा दी जहां निरंतर भंडारा चलता रहता है जिसके लिए महाराज ने 125 बीघा जमीन मंदिर के नाम है जिससे कभी मंदिर की व्यवस्था में कोई भी व्यवधान न पड़े सती जी का मंदिर राधा कृष्ण का मंदिर लक्ष्मी सरस्वती दुर्गा देवी का मंदिर नरसिंह भगवान का मंदिर शेष अवतार रामानुजाचार्य जी का मंदिर भगवान विष्णु माता लक्ष्मी जी का मंदिर उसके ऊपर कुंभ द्वारा मंदिर परिक्रमा करने की स्थान भी है मुख्य द्वार पर अर्जुन का उपदेश देने वाला कृष्णा जी का चित्र लगने वाला है प्रारंभ में ब्रह्मदेव जी का चित्र लगने वाला है मैं ब्रह्मदेव जी का स्थान भगवान शिव नंदी हनुमान शनिदेव का मंदिर भगवान गणेश जी का मंदिर गुड़गांव जिसमें गुरु जी के सानिध्य में नित्य कर्म द्वारा पाठ होता है श्री नंदकिशोर शुक्ला रामानुज धाम दतिया मध्य प्रदेश निवेदक प्रबंधन रामानुजाचार्य अध्यक्ष श्री गीता ज्ञान आश्रम कंपल राजा द्रोपती की राजधानी द्रोपती कुंड भगवान की प्रसिद्ध नगरी कंपल है निवेदक में राकेश तिवारी उमाशंकर गुप्ता राजीव तिवारी रमाशंकर गुप्ता दीपक राठौड़ उपस्थित रहे

ब्रज प्रांत में गौशालाओं में गोवंशो का बुरा हाल -अरविंद चौहान

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा- विश्व हिन्दू परिषद गौ रक्षा विभाग के ब्रज प्रांत के प्रांत अध्यक्ष अरविन्द सिंह चौहान ने कहाँ की पूरे ब्रज प्रांत में गौशालाओं में गोवंशो का बुरा हाल है।13-8-23 को प्रांत बैठक है उसके बाद पूरे प्रांत में गौशालाओं पर ताबड़तोड़ छापे मारे जाएंगे तथा यथा स्थिति से माननीय मुख्यमंत्री जी को भी अवगत कराया जाएगा दो-तीन गौशालाओं में मेरे द्वारा भी निरीक्षण किया गया जिसमें काफी कमियां मिलीं तथा अधिकारियों को भी अवगत कराया गया लेकिन उसके बावजूद भी गौशालाओं में सुधार नहीं हो रहा।निरीक्षण के दौरान पाया गया कि गोवंश बीमार, भूख से पीड़ित, चुटैल, इन सभी समस्याओं से जूझते हुए दिखाई दिए तथा गौशालाओं में सफाई व्यवस्था भी नहीं मिली जिसके कारण गोवंश कीचड़ में खड़े रहने के लिए मजबूर थे इस संबंध मे अधिकारियों को लगातार अवगत कराया जा रहा है लेकिन कोई भी अधिकारी जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं है जो कि काफी चिंता का विषय है इसी तरह गोवंश शहरों में घूमते नजर आ रहे हैं जिसके कारण आए दिन एक्सीडेंट हो रहे हैं जिसमें गोवंश तो चुटैल हो ही रहे हैं तथा जनता भी चुटैल हो रही है।शहर में घूम रहे गोवंशो को गौशालाओं में नहीं पहुंचायाा जा रहा है जबकि मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी से कहा गया था कि शहर में घूम रहे
गोवंश को भदवास ब्रह्मांस की गौशाला में पहुंचाया जाए उसके बावजूद भी आज तक कोई व्यवस्था नहीं हो सकी। मैंने इस संबंध में जिलाधिकारी महोदय एटा व जिलाधिकारी महोदया कासगंज से भी वार्ता की तो दोनों अधिकारियों ने प्रकरण को गंभीरता से लिया तथा अधीनस्थों को व्यवस्था सुधारने के आदेश भी दिए लेकिन देखने में आया है कि कुछ अधिकारी व कर्मचारी ऐसे हैं जो कि सरकार की छवि धूमिल करने में जुटे हुए हैं जब तक ऐसे लोगों पर कार्रवाई नहीं होगी तब तक गोवंश सुरक्षित नहीं हो पाएंगे। श्री चौहान ने कहाँ कि एटा में मई में गोकशी की घटना हुई थी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय एटा ने काफी गंभीरता से लिया तथा गोकशी करने वालों पर रासुका व गैंगस्टर की कार्रवाई की जा रही है तथा इस तरह की कार्यवाही पूरे ब्रज प्रांत में होनी चाहिए ताकि गोकशी करने वालों पर शिकंजा कसा जा सके।
श्री चौहान ने कहा कि गोकशी ,गौ तस्करी ,पूरे ब्रज प्रांत में किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी इसके लिए पूरे ब्रज प्रांत के कार्यकर्ता जुटेंगे तथा मेरा पूरे ब्रज प्रांत के प्रशासन से भी कहना है कि वह लोग भी पूर्ण रूप से अपना सहयोग प्रदान करें तथा तथा इस तरह की घटना करने वालों पर रासुका, गैंगस्टर, एनएसए, की कार्यवाही करें ताकि उनके हौसलों को पस्त किया जा सके तथा माननीय मुख्यमंत्री जी के गौ रक्षा सुरक्षित अभियान को गति दी जा सके।

गलत इंजेक्शन से पैर हुआ सुन्न, डीएम से की शिकायत

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा



एटा-ग्राम सरनऊ स्थित बजरंग क्लीनिक में उपचार के दौरान गलत इंजेक्शन लगाने से पैर सुन्न हो गया है, जिससे उसका पैर खराब हो गया है। इस मामले की पीड़िता ने डीएम को शिकायती पत्र सौंपा है। स्वास्थ्य विभाग ने मामले में जांच शुरू कराई है। गढिया निवासी सीमा देवी पत्नी सत्यवीर सिंह डीएम को प्रार्थना पत्र देकर शिकायत की है कि सरनऊ स्थित बजरंग क्लीनिक में वह इलाज को गई। जहां पर डॉ. राजेश ने उसके पैर में गलत इंजेक्शन लगा दिया, जिससे उसका पैर सुन्न हो गया। उसको दिव्यांग होने की आशंका हो रही है। उसने शिकायती पत्र देकर दोषी चिकित्सक के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है। डीएम कार्यालय से शिकायती पत्र को स्वास्थ्य विभाग में भेजा गया है, जिसकी जांच अपंजीकृत नोडल अधिकारी डॉ. सर्वेश कुमार के पास है। उन्होंने बताया कि सीमा देवी की शिकायत भी उनको मिली है। इस मामले में जांच शुरू कर दी गई है। पीड़िता को बयान लेने के लिए बुलाया गया है। उन्होंने बताया कि शिकायत मिलने पर संबंधित क्लीनिक पर कार्रवाई की जा चुकी है। पुरानी बस्ती महिला ने भी गलत उपचार की शिकायत की- एटा - शहर के मोहल्ला पुरानी बस्ती निवासी उर्मिला जैन ने शिकायत की है। शिकायत में बताया है कि मां जीवन हॉस्पिटल में ऑपरेशन के दौरान उनको गलत इजेंक्शन लगाया गया था। जिसकी उसने शिकायत की है।

गायन प्रतियोगिता में टैगोर सदन ने मारी बाजी

क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली- बी0 आर0 जीनियस इंटरनेशनल स्कूल नवाबगंज में शनिवार को हुई इंटर हाउस गायन प्रतियोगिता,कार्यक्रम का शुभारंभ कालेज के निदेशक अंकुर गंगवार, डा0 एम0एल0 गंगवार ,प्रधानाचार्या मौसुमी शर्मा ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित करके किया। छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। प्रतियोगिता में दो ग्रुप रहे, ग्रुप अ में कक्षा छः से कक्षा आठ तक के बच्चों ने हिस्सा लिया।

वहीं ग्रुप ब में कक्षा नौ से कक्षा बारह तक के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। सभी प्रतिभागियों ने अपनी -अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन बड़े ही उत्साह के साथ किया। प्रधानाचार्या व कार्यक्रम में सुरों के जानकर जजों ने गीत के चुनाव, लय व सुर के आधार पर बच्चों का मूल्यांकन किया। ग्रुप अ से ब्लू हाउस कक्षा 6की अवनी ने प्रथम पुरस्कार जीता। द्वितीय पुरस्कार ब्लू हाउस के कक्षा सात के छात्र मोनिश ने जीता।ग्रुप ब से प्रथम पुरस्कार रेड हाउस की कक्षा 12 की छात्रा हुदा ने प्राप्त किया। द्वितीय पुरस्कार ब्लू हाउस के कक्षा नौ के छात्र शिवेक को मिला। कक्षा सात की छात्रा सिद्धता व दीक्षा को उनके प्रदर्शन के लिए सांत्वना पुरुस्कार दिया गया। इस मौके परमें विद्यालय की प्रधानाचार्या मौसुमी शर्मा ने अपने सम्बोधन में सभी विजयी छात्र छात्राओं को बधाई दी।कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि बाबूराम गंगवार, राजकुमारी गंगवार ,शक्ति पटेल कार्यक्रम का संचालन अध्यापिका नताशा ग्रोवर व नवनीत ने किया। के0 पी0 गंगवार,नासिर हुसैन, अमन मल्होत्रा,रश्मि शर्मा, मोनिका,वंदना,अंजली, नविश जैदी,चंद्रा कुमारी,नगमा,पूजा गंगवार, आसिफ इदरीस, राकेश सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका नताशा ग्रोवर,एण्ड नवनीत ने किया।

चोरी की सजा में गरम चिमटे से जलाए नाबालिग, बाल काटे, वीडियो वायरल होने पर की गिरफ्तारी

क्यूँ न लिखूँ सच
लवकुश ठाकुर

अलीगढ-अकराबाद -अलीगढ़ महानगर के ऊपरकोट कोतवाली इलाके में दबंगों ने दो नाबालिगों को चोरी के आरोप में ऐसी सजा दी कि हैवानियत भी शर्मसार हो जाए। आरोपियों ने दोनों बच्चों को पीटते हुए उन्हें गरम चिमटे से जलाया और बाल तक काट दिए। इस पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर पुलिस हरकत में आई और दो आरोपी गिरफ्तार कर लिए। घटनाक्रम के अनुसार मजदूरी करने वाले जाकिर के घर से आठ अगस्त को मोबाइल आदि सामान चोरी हुआ। उन्होंने इस चोरी के शक में अपने पड़ोस के ही दो नाबालिगों की जांच पड़ताल की। उनका संदेह था कि वे दोनों उनके बेटे के साथ खेलते हैं। वही चोरी करके ले गए होंगे। इस पर उन्होंने नौ अगस्त को दोनों को ऊपरकोट टीले के पास अपने घर बुलाया और उनसे चोरी को लेकर पूछताछ करते हुए घर का दरवाजा बंद कर लिया। इसके बाद अपने अन्य सथियों की मदद से उनके साथ मारपीट करते हुए गरम चिमटे से शरीर के कई हिस्सों गर्दन, पीठ व हाथों आदि जगह पर जलाया। इससे उनकी खाल तक पलट गई। बाद में कैंची से दोनों के सिर के बाल काट दिए। उन्हें आधा घंटे तक बंधक बनाए रखने के बाद जब छोड़ा तो वे रोते हुए घर पहुंचे। परिजनों ने पुलिस को सूचना देते हुए उन्हें अस्पताल भेजा। साथ में इस घटना का वीडियो भी बृहस्पतिवार को वायरल हो गया। इस पर पुलिस हरकत में आ गई और आनन-फानन कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर हाजी जाकिर, तालिम, नाबालिश, फैज आलम को नामजद किया। जिनमें से दो आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। इंस्पेक्टर थाना के अनुसार को उन्हें जेल भेजा जाएगा।

दुष्कर्म के आरोपी सपा नेता ने पुलिस को चकमा देते हुए कोर्ट में सरेंडर

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

